# यूपी निवेश की पसंदीदा जगह के रूप में पेश होगा

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

उत्तर प्रदेश दुनिया के सामने खुद को सबसे बेहतरीन निवेश गंतव्य के रूप में पेश करेगा। यह मौका उसे दुबई एक्सपो में मिलने जा रहा है। इस साल अक्तूबर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों, वित्तीय संस्थाओं, निवेशकों का जमावड़ा यूएई में होने जा रहा है। इस एक्सपो की मेजबानी दुबई करेगा। निर्माण, इलेक्ट्रानिक्स, संचार, पर्यटन, रियल इस्टेट व सौर ऊर्जा के क्षेत्र की कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीक व नए विचारों के साथ यहां खुद को पेश करेंगी।

इसके लिए इन्वेस्ट इंडिया के मार्फत भारत भी शिरकत करेगा। सबसे बड़े राज्य होने के नाते उत्तर प्रदेश ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में इन्वेस्ट यूपी ने हाल में बैठक भी की है। इन्वेस्ट यूपी राज्य को उद्योग लगाने व बिजनेस चलाने के बेहतरीन स्थल के रूप में शोकेस करेगा। एक ओर दुनिया भर में इज ऑफ डूइंग बिज़नेस के मामले में भारत ने लंबी छलांग लगाई है, तो वहीं यूपी भी इस समय नंबर दो पर है। अक्तूबर 2021 से अप्रैल 2022 तक इस मेगा इवेंट में 100 देशों की 1000 से ज्यादा बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पाद पेश करेंगी। साथ ही वह नए निवेश के लिए बेहतरीन देश व शहरों को भी देखेंगी। दुबई एक्सपो पिछले साल शुरू होना था लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यूपी में बड़ा बाजार, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, सस्ता श्रम आदि विदेशी निवेशकों को लुभा सकता है।

## दुबई में एक्सपो

- एक्सपो अक्टूबर 2021 से अप्रैल 2022 तक चलेगा
- यूपी ने निवेशकों को आकर्षित करने की योजना बनाई